आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 12.05.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस के लिए जोरदार जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी।
- डीजीएमओ ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा– ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकानों और कई महत्वपूर्ण इलाकों को नष्ट किया गया; 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एस.एस.बी बनबसा कैंप का दौरा किया, कहा– भारत–नेपाल सीमा पर सतर्कता बनाए रखना जरूरी।
- केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड से घोड़ा–खच्चरों का संचालन फिर से शुरू।

ऑपरेशन सिंदूर सफलता

भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक– डी.जी.एम.ओ, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में सौ से अधिक बडे आतंकवादी मारे गए हैं। नई दिल्ली में कल शाम तीनों सेनाओं की प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों में यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे आतंकवादी शामिल हैं, जो आईसी–814 के अपहरण और पुलवामा विस्फोट में शामिल थे।

जनरल घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की अवधारणा आतंकवाद के अपराधियों तथा योजनाकारों को दंडित करने और उनके आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर ने सीमा पार आतंकी ढांचे पर बहुत मेहनत और सूक्ष्मता से निशाने साधे और आतंकी शिविरों तथा प्रशिक्षण स्थलों की पहचान की।

प्रेस वार्ता

डीजीएमओ ने कहा कि उन्होंने शनिवार को दोपहर बाद पाकिस्तान के डीजीएमओ से बात की, जिन्होंने युद्ध की स्थिति समाप्त करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों की ओर से सीमा पार से गोलीबारी और हवाई घुसपैठ बंद हो गई। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इस बात पर निराशा जताई कि पाकिस्तानी सेना को, सीमा तथा नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी करने और उसके बाद ड्रोन घुसपैठ करके इन व्यवस्थाओं का उल्लंघन करने में केवल कुछ घंटे लगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के डी जी एम ओ को एक और हॉटलाइन संदेश भेजा गया है, जिसमें बताया गया कि अगर फिर से सहमति का उल्लंघन होता है, तो इसका जवाब सख्ती से और दंडात्मक तरीके से दिया जाएगा।

डी जी एम ओ ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान द्वारा किसी भी उल्लंघन के मामले में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूरा अधिकार दिया है। डी जी एम ओ ने ऑपरेशन सिंदूर में जान गंवाने वाले सशस्त्र बलों के पांच शहीदों और नागरिकों को श्रद्धांजलि दी।

प्रेस वार्ता– 2

एयर ऑपरेशन के महानिदेशक एयर मार्शल ए.के. भारती ने बताया कि लक्ष्यों का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था। भारतीय वायु सेना को जो लक्ष्य प्रणालियाँ दी गई थीं, वे बहावलपुर और मुरीदके के कुख्यात प्रशिक्षण शिविर थे। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण लक्ष्य प्रणाली विश्लेषण के माध्यम से, वायु सेना ने उन सभी चीजों का विश्लेषण किया जो लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए किए जाने की आवश्यकता थी। एयर मार्शल ए. के. भारती ने कहा कि उन्होंने इन लक्ष्यों को हवा से सतह पर सटीक निर्देशित हथियारों से निशाना बनाने की योजना बनाई ताकि अन्य क्षति से बचा जा सके।

एयर मार्शल भारती ने मुरीदके आतंकी शिविर और बहवलपुर आतंकी शिविर पर मिसाइल के प्रभाव के विस्तृत वीडियो दिखाए। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था, किसी अन्य ढांचे को नहीं। उन्होंने कहा कि 7 मई की शाम को नागरिक क्षेत्रों और सैन्य प्रतिष्ठानों में पाकिस्तानी मानवरहित हवाई वाहनों और छोटे ड्रोनों की भरमार थी। एयर मार्शल भारती ने कहा कि इन सभी को सफलतापूर्वक रोक दिया गया।

लोकार्पण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित छावनी परिषद कार्यालय के पास साढे बारह करोड़ रुपये की लागत से बने हरबंश कपूर मेमोरियल कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और इससे क्षेत्रवासियों को सामाजिक आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि भवन के संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाए और यह आम लोगों को उचित दर पर उपलब्ध हो।

<u>मुलाकात/सीमा सुरक्षा</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत–नेपाल सीमा पर स्थित 57वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बनबसा का दौरा किया और वहां तैनात अधिकारियों व जवानों से मुलाकात की। उन्होंने जवानों के साहस, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवान देश की शान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत–नेपाल सीमा पर सतर्कता बनाए रखना बेहद जरूरी है और राज्य सरकार केंद्र सरकार व सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर समन्वय में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने सीमा चौकियों पर मौजूद अवस्थापना सुविधाओं, संचार व्यवस्था और जवानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने जवानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और जमीनी हालात की जानकारी भी ली। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम हमले को कायरतापूर्ण बताया और कहा कि सेना ने इसका मुँहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने राष्ट्र सेवा में लगे सभी सुरक्षाबलों को बधाई दी और उनके समर्पण को नमन किया।

<u>घोड़ा–खच्चर संचालन शुरू</u>

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड से घोड़ा–खच्चरों का संचालन एक बार फिर शुरू हो गया है। इक्वाइन इन्फ्लूएंजा संक्रमण की आशंका के चलते एहतियातन यह संचालन कुछ समय के लिए रोका गया था।

पशु चिकित्सकों की जांच के बादएक हजार 709 घोड़ा–खच्चरों को यात्रा के लिए उपयुक्त घोषित किया गया और उन्हें केदारनाथ के लिए रवाना किया गया। चिकित्सकों की टीमें जंगलचट्टी, भीमबली, लिनचोली और बेस कैंप में तैनात रहीं। उन्होंने आंतरिक टैग स्कैन कर पशुओं और उनके संचालकों की पहचान सुनिश्चित की। अधिकांश घोड़ा–खच्चर यात्रियों को छोड़कर कल देर शाम तक गौरीकुंड लौट आए।

यात्रा मार्ग पर 25 घोड़ा–खच्चरों की मदद से राशन, सब्जी और अन्य आवश्यक सामग्री भी केदारनाथ भेजी गई। पैदल यात्रियों ने संचालन फिर से शुरू होने पर राहत महसूस की, वहीं पशु संचालकों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने को मिली।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष रावत ने बताया कि इक्वाइन इन्फ्लूएंजा का संक्रमण अब तेज़ी से घट रहा है और बीमार पशुओं के स्वास्थ्य में लगातार सुधार देखा जा रहा है।

## बी.आई.एस जागरूकता कार्यक्रम

भारतीय मानक ब्यूरो– बी.आई.एस देहरादून शाखा द्वारा मुज़फ्फरनगर के एक होटल में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य स्वर्ण आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग, एच.यू.आई.डी प्रणाली और गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं को लेकर ज्वैलर्स और उपभोक्ताओं को जागरूक करना था।

इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन, मुज़फ्फरनगर और वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 200 से अधिक स्थानीय ज्वैलर्स और व्यापारियों ने भाग लिया।

बी.आई.एस देहरादून के निदेशक सौरभ तिवारी ने इस अवसर पर हॉलमार्किंग प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से एच.यू.आई.डी नंबर, कैरेट और बी.आई.एस लोगो जांचने की अपील की। उन्होंने बी.आई.एस केयर ऐप के जरिए आभूषणों की प्रामाणिकता जांचने का तरीका भी साझा किया।

## आदेश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल चम्पावत जिले के बनबसा क्षेत्र में ग्राम पंचायत देवीपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि सनिया नाले में कटाव के कारण गांव को खतरा है और नाले में मगरमच्छ दिखाई देने से लोग डरे हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने मौके पर ही वन विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तत्काल सफाई शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के आदेश के एक घंटे के भीतर सफाई कार्य शुरू कर दिया गया, जिसे सिंचाई विभाग ने तत्परता से पूरा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और प्रशासन को ऐसे मामलों में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नाले की नियमित निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

एक नजर आज के समाचारों की सुर्खियों पर––

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर हुई सहमति के बाद उसके उल्लंघन न करने की चेतावनी की खबर को सभी अखबारों ने अपनी मुख्य पृष्ठ पर जगह दी है अमर उजाला लिखता है सीज फायर तोड़ा तो, पाकिस्तान को कड़ा जवाब, ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन की 40 सैनिक मारे गए, सभी ड्रोन भी मार गिराए।

वही हिंदुस्तान समाचार पत्र की सुर्खी है, भारतीय सेना ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी, कहा हमने अपना मकसद पूरा किया, पाक माना नहीं, तो फिर मारेंगे। इसी खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है अब सीज फायर तोड़ा तो, पाक को मिलेगा करारा जवाब, वही संघर्ष विराम को लेकर दैनिक जागरण ने लिखा है परमाणु कमांड सेंटर के पास पहुंची ब्रह्मोस तब पाकिस्तान ने लगाई अमेरिका से गुहार।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री के बयान को सभी अखबारों ने प्रमुखता दी है। हिंदुस्तान समाचार का शीर्षक है ऑपरेशन से इंसाफ दिलाया, रावलपिंडी तक गूंजी धमक। वही अमर उजाला की सुर्खी है घर में घुसकर मारा, रावलपिंडी तक सुनी गई सेना की धमक, ऑपरेशन सिंदूर देश की राजनीतिक, सामाजिक व सैन्य इच्छा शक्ति का प्रतीक।